Series : XY1ZW

SET ~ 2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/1/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

नोट

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) Please check that this question paper contains **34** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र
# ECONOMICS

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

• • •

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है :*

*खण्ड-**क** : समष्टि अर्थशास्त्र*

*खण्ड-**ख** : भारतीय आर्थिक विकास*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **100** से **150** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के **सभी** भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

## खण्ड – क

## (समष्टि अर्थशास्त्र)

1. कॉलम-I व कॉलम-II में दिए गए पदों के समूह में से सही युग्म का चयन करें : **1**

| | कॉलम-I | | कॉलम-II |
|---|---|---|---|
| (a) | गैर-कर राजस्व | (i) | वस्तु व सेवा कर |
| (b) | अप्रत्यक्ष कर | (ii) | मुफ्त खोर (Free-rider) |
| (c) | पूँजीगत व्यय | (iii) | ऋण |
| (d) | निजी वस्तुएँ | (iv) | प्रतिद्वंद्वात्मक प्रकृति |

**विकल्प :**

(A) (a) – (i)
(B) (b) – (ii)
(C) (c) – (iii)
(D) (d) – (iv)

• • •

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper contains **two** sections :*
*Section – **A** : Macro Economics*
*Section – **B** : Indian Economic Development*

*(iii)* *This Question paper contains **20** Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *This Question paper contains **4** Short Answer Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in **60** to **80** words.*

*(v)* *This Question paper contains **6** Short Answer Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in **80** to **100** words.*

*(vi)* *This Question paper contains **4** Long Answer type questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in **100** to **150** words.*

*(vii)* *Attempt **all** parts of a question together.*

*(viii)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION – A
## (Macro Economics)

1. From the set of terms given in Column-I and Column-II, choose the correct pair : **1**

| | **Column-I** | | **Column-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Non-tax Revenue | (i) | Goods and Services Tax |
| (b) | Indirect Tax | (ii) | Free-rider |
| (c) | Capital expenditure | (iii) | Borrowings |
| (d) | Private goods | (iv) | Rivalrous in nature |

**Options :**

(A) (a) – (i)   (B) (b) – (ii)
(C) (c) – (iii)   (D) (d) – (iv)

• • •

2. यदि कोई राष्ट्र ₹ 600 करोड़ का माल निर्यात करता है तथा ₹ 450 करोड़ का माल आयात करता है, तो राष्ट्र के व्यापार संतुलन का मूल्य ₹ ________ करोड़ का ________ होगा । 1

(A) 150, घाटा
(B) 150, अधिशेष
(C) 1,050, घाटा
(D) 1,050, अधिशेष

3. वाणिज्यिक बैंकों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं ? 1

(सही विकल्प का चयन करें ।)

(I) बैंकों के लिए जमाएँ देनदारियाँ होती हैं ।
(II) वे अर्थव्यवस्था में साख सृजक होते हैं ।
(III) वे आम जनता से जमा स्वीकार करते हैं ।
(IV) वे भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से जमा स्वीकार करते हैं ।

**विकल्प :**

(A) (I), (II) व (III)
(B) (II) व (III)
(C) (I) व (II)
(D) (I) व (IV)

4. मान लीजिए, औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) का मूल्य 0.8 है तथा राष्ट्रीय आय ₹ 4,000 करोड़ है, तो बचत का मूल्य ₹ ________ करोड़ होगा । (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) 1

**विकल्प :**

(A) 100
(B) 200
(C) 500
(D) 800

5. निम्नलिखित कथनों–अभिकथन (A) व कारण (R) का अध्ययन करें । नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें : 1

**अभिकथन (A) :** सार्वजनिक वस्तुएँ वे वस्तुएँ हैं, जिनका उपभोग जनता द्वारा सामूहिक रूप से किया जाता है ।

**कारण (R) :** सार्वजनिक वस्तुएँ बहिष्कृत एवं प्रतिद्वन्द्वात्मक प्रकृति की होती हैं ।

**विकल्प** :

(A) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।
(B) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।
(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।
(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

• • •

2. If a country exports goods worth of ₹ 600 crores and imports goods worth of ₹ 450 crores, the value of Balance of Trade of the country would be _______ of ₹ _______ crores. **1**

(A) deficit, 150 (B) surplus, 150

(C) deficit, 1,050 (D) surplus, 1,050

3. In the context of the Commercial Banks, which of the following statements are correct ? (Choose the correct option) **1**

(I) Deposits received are liabilities for Commercial Banks.

(II) They are creator of credit in the economy.

(III) They accept deposits from general public.

(IV) They accept deposits on behalf of Reserve Bank of India.

**Options :**

(A) (I), (II) and (III) (B) (II) and (III)

(C) (I) and (II) (D) (I) and (IV)

4. Suppose, the value of Average Propensity to Consume (APC) is 0.8 and National Income is ₹ 4,000 crores, the value of saving would be ₹ ________ crores. (Choose the correct option to fill up the blank) **1**

**Options :**

(A) 100 (B) 200

(C) 500 (D) 800

5. Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below : **1**

**Assertion (A) :** Public goods are those goods that are collectively consumed by the public.

**Reason (R) :** Public goods are excludable and rivalrous in nature.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

• • •

6. मान लीजिए, किसी अर्थव्यवस्था का बचत वक्र ₹ 50 करोड़ के ऋणात्मक मूल्य पर अवरोध (intercept) बनता है । अर्थव्यवस्था में, आय में वृद्धि का 20% बचत के रूप में रखा जाता है । उपरोक्त संदर्भ के आलोक में, निवेश गुणक (K) के मूल्य की पहचान करें । **1**

**विकल्प :**

(A) 2 (B) 5

(C) 10 (D) (∞) अनंत

7. "इरफान (एक छात्र) ने अपनी कॉलेज की फीस के लिए ₹ 80,000 का ऋण लिया है । वह स्नातक होने के छह माह बाद ऋण चुकाना प्रारंभ करने की योजना बना रहा है, जिसे वह 10 वर्ष की अवधि में चुकाएगा ।"

उपरोक्त गद्य के आधार पर मुद्रा के निर्दिष्ट कार्य की पहचान करें । (सही विकल्प का चयन करें) **1**

**विकल्प :**

(A) विनिमय का माध्यम (B) खाते की इकाई

(C) स्थगित भुगतान का मानक (D) मूल्य संचय

8. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : **1**

**कथन 1 :** प्रबंधित तिरती विनिमय दर प्रणाली स्थिर व नम्य विनिमय दर प्रणाली का एक समामेलन है ।

**कथन 2 :** प्रबंधित तिरती विनिमय दर प्रणाली को 'हाईब्रिड प्रणाली' के रूप में भी जाना जाता है ।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

9. कॉलम-I व कॉलम-II में दी गई मदों में से सही युग्म का चयन कीजिए : **1**

| | **कॉलम-I** | | **कॉलम-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | संपत्ति से आय | (i) | वृद्धावस्था पेंशन |
| (b) | उद्यमशीलता से आय | (ii) | लाभ |
| (c) | मिश्रित आय | (iii) | नियोक्ता द्वारा प्रदत्त किराया मुक्त आवास |
| (d) | कर्मचारियों का मुआवजा | (iv) | पूँजी पर ब्याज |

**विकल्प :**

(A) (a) – (i) (B) (b) – (ii)

(C) (c) – (iii) (D) (d) – (iv)

• • •

6. Suppose, the saving curve of an economy makes an intercept at a negative value of ₹ 50 crores. In the economy, 20% of an increase in income is saved.
In the light of above context, identify the value of investment multiplier (K). **1**

**Options :**

(A) 2 (B) 5

(C) 10 (D) ∞ (infinite)

7. "Irfaan (a student) borrows ₹ 80,000 to finance his college fee. He plans to begin repaying the loan six months after his graduation, making payments over a span of ten years."
Based on above text, identify the indicated function of money.
(Choose the correct option) **1**

**Options :**

(A) Medium of Exchange (B) Unit of Account

(C) Standard of Deferred Payments (D) Store of Value

8. Read the following statements carefully : **1**

**Statement-1 :** Managed floating exchange rate system is an amalgamation of fixed and flexible exchange rate system.

**Statement-2 :** Managed floating exchange rate system is also known as 'hybrid system'.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

9. From the items given in Column-I and Column-II, choose the correct pair. **1**

| | **Column-I** | | **Column-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Income from Property | (i) | Old age pension |
| (b) | Income from Entrepreneurship | (ii) | Profit |
| (c) | Mixed Income | (iii) | Rent free accommodation from an employer |
| (d) | Compensation of Employees | (iv) | Interest from capital |

**Options :**

(A) (a) – (i) (B) (b) – (ii)

(C) (c) – (iii) (D) (d) – (iv)

• • •

10. भुगतान संतुलन के चालू खाते लेनदेन के संदर्भ में, निम्नलिखित में से असत्य कथन की पहचान करें : 1

(सही विकल्प का चयन करें)

**विकल्प :**

(A) वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को क्रेडिट मदों के रूप में दर्ज किया जाता है ।

(B) वस्तुओं और सेवाओं के आयात को डेबिट मदों के रूप में दर्ज किया जाता है ।

(C) सभी हस्तांतरण भुगतान डेबिट मदों के रूप में दर्ज किए जाते हैं ।

(D) सभी हस्तांतरण प्राप्तियाँ डेबिट मदों के रूप में दर्ज की जाती हैं ।

11. "सरकार ने देश के विभिन्न भागों में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए 'अतुल्य भारत' अभियान प्रारंभ किया था ।"

उपरोक्त अभियान के भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार तथा भुगतान संतुलन पर पड़ने वाले प्रभावों को विस्तार से उल्लेखित करें । 3

12. (a) "सक्षम के पास एक विनिर्माण सुविधा है, जहाँ माइक्रोचिप्स का उपयोग कम्प्यूटर व स्मार्टफोन सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उत्पादन में किया जाता है ।"

उपरोक्त गद्य से पहचान करें कि, यह कथन मध्यवर्ती वस्तुओं को संदर्भित करता है अथवा अंतिम वस्तुओं को । अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण दें । 3

**अथवा**

(b) साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि ($NVA_{FC}$) के मूल्य की गणना करें : 3

| **क्रम सं.** | **मदें** | **राशि (₹ करोड़ में)** |
|---|---|---|
| (i) | परिचालन अधिशेष | 3,740 |
| (ii) | रहतिया (unsold stock) में वृद्धि | 600 |
| (iii) | बिक्री | 10,625 |
| (iv) | कच्चे माल का क्रय | 2,625 |
| (v) | स्थायी पूँजी का उपभोग | 500 |
| (vi) | उपदान | 400 |
| (vii) | अप्रत्यक्ष कर | 1,200 |

13. 'वर्ष 2023-24 के लिए केन्द्र सरकार के राजकोषीय विवरण में उर्वरकों पर उपदान एक महत्त्वपूर्ण घटक था ।'

उपरोक्त सरकारी व्यय की प्रकृति व उसके उद्देश्य की पहचान करें । 4

14. (a) एक अर्थव्यवस्था में; $C = 200 + 0.75\ Y$ (जहाँ C = उपभोग व्यय है, तथा Y = राष्ट्रीय आय है) 4

निवेश व्यय = ₹ 4,000 करोड़ है ।

निम्नलिखित की गणना करें :

(i) आय का संतुलन स्तर

(ii) आय के संतुलन स्तर पर कुल उपभोग व्यय

**अथवा**

(b) प्रत्याशित बचत के प्रत्याशित निवेश से अधिक होने की स्थिति में समायोजन तंत्र की व्याख्या करें । 4

• • •

10. In the context of Current Account transactions of Balance of Payment, identify the incorrect statement from the following : **1**

(Choose the correct option)

**Options :**

(A) Export of goods and services are recorded as credit items.

(B) Import of goods and services are recorded as debit items.

(C) All transfer payments are recorded as debit items.

(D) All transfer receipts are recorded as debit items.

11. "The Government had launched Incredible India Campaign to promote tourism in various parts of the country."
Elaborate the impact of this campaign on foreign exchange reserves and Balance of Payment of India. **3**

12. (a) "Saksham owns a manufacturing facility where microchips are utilized in the production of electronic devices, including computers and smartphones."
From the above text, identify whether the given statement refers to an intermediate goods or final goods. Give valid reason in support of your answer. **3**

**OR**

(b) Calculate the value of Net Value Added at Factor Cost ($NVA_{FC}$) : **3**

| S. No. | Particulars | Amount (In ₹ crore) |
|---|---|---|
| (i) | Operating Surplus | 3,740 |
| (ii) | Increase in unsold stock | 600 |
| (iii) | Sales | 10,625 |
| (iv) | Purchase of raw materials | 2,625 |
| (v) | Consumption of fixed capital | 500 |
| (vi) | Subsidies | 400 |
| (vii) | Indirect taxes | 1,200 |

13. "A significant proportion of subsidies on fertilizer was a key component of the fiscal statement of the Central Government for year 2023-24."
Identify the nature of government expenditure and its objective. **4**

14. (a) In an economy ; C = 200 + 0.75 Y (where C is consumption expenditure and Y is National Income). Investment expenditure is ₹ 4,000 Crore. **4**
Calculate the following :
(i) Equilibrium level of income.
(ii) Total consumption expenditure at equilibrium income level.

**OR**

(b) Explain the adjustment mechanism in case ex-ante savings are greater than ex-ante investments. **4**

• • •

15. मान लीजिए, किसी अर्थव्यवस्था में प्राथमिक जमा ₹ 500 है, यदि आरक्षित अनुपात 25% है। बैंकिंग प्रणाली द्वारा सृजित कुल जमा राशियों तथा कुल उधार (ऋण) का अनुमान लगाएँ। **4**

16. निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

केन्द्रीय खाद्य व उपभोक्ता मामले के मंत्री ने कहा कि, सरकार ने खाद्य वस्तुओं की खुदरा (retail) कीमतों को नियंत्रित करने के लिए विगत वर्षों में कई सक्रिय कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि, सरकार का लक्ष्य राष्ट्र की आर्थिक वृद्धि से समझौता किए बिना मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखना है। नवंबर 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.55% के तीन माह के उच्चतम स्तर पर पहुँच गई, जो कि खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण है। अगस्त 2023 में मुद्रास्फीति में गिरावट आयी थी, जब यह 6.83% पर पहुँच गई थी। आवश्यक वस्तुओं की थोक (wholesale) व खुदरा (retail) मूल्यों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु केन्द्र सरकार ने 140 नए मूल्य निगरानी केन्द्र स्थापित किए हैं।

सरकार ने गेहूँ, टूटे चावल, गैर-बासमती सफेद चावल, प्याज आदि कई खाद्य पदार्थों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। घरेलू आपूर्ति को प्रोत्साहित करने के लिए तथा मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने तिलहन व दलहन पर आयात शुल्क भी कम कर दिया है।

उपरोक्त गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(a) सरकार द्वारा स्थापित नए मूल्य निगरानी केन्द्रों की संख्या बताएँ। **1**

(b) घरेलू आपूर्ति को प्रोत्साहित करने व मूल्यों में कमी लाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं दो सक्रिय उपायों का उल्लेख करें। **2**

(c) मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए प्रयुक्त किसी एक मौद्रिक उपाय की व्याख्या करें। **3**

17. (a) (i) आय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय अपनाई जाने वाली किन्हीं दो सावधानियों की व्याख्या करें। **3**

(ii) "उच्च सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का अर्थ सदैव अर्थव्यवस्था में वस्तुओं की प्रति व्यक्ति अधि-उपलब्धता होता है।" **3**

उपरोक्त कथन का उस देश के लोगों के कल्याण के सूचकांक के रूप में समर्थन अथवा खंडन करें।

**अथवा**

(b) (i) उपयुक्त उदाहरणों द्वारा, कारक आय तथा हस्तांतरण आय में अंतर स्पष्ट करें। **3**

(ii) राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$) का अनुमान लगाने की आय विधि के अनुसार 'लाभ' के घटकों की व्याख्या करें। **3**

• • •

15. Suppose in an economy, primary deposits are ₹ 500, if the Reserve Ratio is 25%. Estimate the total deposits created and the total lending by the banking system. **4**

16. Read the following text carefully :

Union Food and Consumer Affairs Minister said that the Central Government has taken many proactive steps in the past few years to control retail prices of food items. He said that the government aims to keep inflation under control without compromising the country's economic growth. Retail inflation inched up to a three-month high of 5.55% in November 2023 driven by higher food prices. Inflation has been declining since August 2023, when it touched 6.83%. 140 new price monitoring centres had been set up by the Central Government to keep a close watch on wholesale and retail prices of essential commodities.

The Government has banned the export of many food items like wheat, broken rice, non-basmati white rice, onions etc. It has also reduced import duties on edible oils and pulses to boost domestic supply and control price rise.

On the basis of the given text and common understanding, answer the following questions :

(a) Mention the number of new price monitoring centres set up by government. **1**

(b) State any two proactive measures taken by government to boost domestic supply and reduction in prices. **2**

(c) Explain any one monetary measure used to control inflation. **3**

17. (a) (i) Explain any two precautions to be adopted while estimating National income by Income method. **3**

(ii) "Higher Gross Domestic Product (GDP) always means higher per capita availability of goods in the economy." **3**

Defend or refute the given statement as the index of welfare of the people of that country.

**OR**

(b) (i) Distinguish between factor income and transfer income with suitable examples. **3**

(ii) Explain the components of 'Profit' as per Income Method of estimating National Income ($NNP_{FC}$). **3**

• • •

## खण्ड – ख
## (भारतीय आर्थिक विकास)

18. भारत निम्नलिखित में से किस क्षेत्रीय/वैश्विक आर्थिक समूह का सदस्य नहीं है ? **1**

(A) ब्रिक्स (BRICS) (B) सार्क (SAARC)

(C) G-20 (D) G-7

19. निम्नलिखित कथनों–अभिकथन (A) व कारण (R) का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें । नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें : **1**

**अभिकथन (A) :** मानव पूँजी निर्माण आर्थिक गतिविधियों में जनसंख्या की भागीदारी दर में वृद्धि करता है तथा आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करता है ।

**कारण (R) :** भागीदारी दर किसी राष्ट्र की उत्पादन प्रक्रिया में संलग्न व्यक्तियों के प्रतिशत को संदर्भित करती है ।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

20. कॉलम-I में दिए गए निम्नलिखित पदों का कॉलम-II में दिए गए अर्थ से मिलान करें : **1**

| | **कॉलम-I** | | **कॉलम-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | मानव विकास संकेतक | (i) | कानून का शासन |
| (b) | जनसांख्यिकीय संकेतक | (ii) | संवैधानिक संरक्षण |
| (c) | विशेष आर्थिक क्षेत्र | (iii) | अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों का सृजन |
| (d) | कम्यून प्रणाली | (iv) | सामूहिक औद्योगीकरण |

**विकल्प :**

(A) (a) – (i) (B) (b) – (ii)

(C) (c) – (iii) (D) (d) – (iv)

• • •

## SECTION – B
## (Indian Economic Development)

18. India is NOT a member of which of the following regional/global economic grouping ? **1**

(A) BRICS (B) SAARC

(C) G-20 (D) G-7

19. Read the following statements carefully : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below : **1**

**Assertion (A) :** Human capital formation increases the rate of participation of population to economic activities and leads to economic growth.

**Reason (R) :** Rate of participation of people refers to the percentage of people engaged in production process of a country.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

20. From the following terms given in Column-I, match the correct pair of meaning given in Column-II : **1**

| Column-I | Column-II |
|---|---|
| (a) Human Development Indicator | (i) Rule of Law |
| (b) Demographic Indicator | (ii) Constitutional Protection |
| (c) Special Economic Zone | (iii) Generation of additional economic activities |
| (d) Commune System | (iv) Collective industrialisation |

**Options :**

(A) (a) – (i) (B) (b) – (ii)

(C) (c) – (iii) (D) (d) – (iv)

• • •

21. निम्नलिखित चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : **1**




उस व्यापार पद्धति की पहचान करें, जिसने विदेशी वस्तुओं को घरेलू उत्पादन से सफलतापूर्वक प्रतिस्थापित कर दिया है ।

**विकल्प** :

(A) निर्यात संवर्धन (B) निर्यात प्रतिस्थापन

(C) आयात प्रसार (D) आयात प्रतिस्थापन

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर है ।**

__________ उस व्यापार नीति को संदर्भित करता है, जिसका उद्देश्य वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करके आयातित वस्तुओं पर निर्भरता को कम करना है । **1**

**विकल्प :**

(A) निर्यात संवर्धन (B) निर्यात प्रतिस्थापन

(C) आयात प्रतिस्थापन (D) आयात प्रसार

22. निम्नलिखित कथनों–अभिकथन (A) व कारण (R) का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें । नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें : **1**

**अभिकथन (A) :** आर्थिक सुधारों से पूर्व, चीन द्वारा सामाजिक संरचना पर सार्वजनिक निवेश के परिणामस्वरूप बेहतर मानव विकास संकेतक (HDI) प्राप्त हुए थे ।

**कारण (R) :** चीन कई मानव विकास संकेतकों (HDI) में भारत व पाकिस्तान से आगे है ।

**विकल्प** :

(A) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।


(B) अभिकथन (A) व कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

• • •

21. Study the following image carefully : **1**




Identify, the trade practice that has successfully replaced foreign goods with domestic production.

**Options :**

(A) Export Promotion (B) Export Substitution
(C) Import Proliferation (D) Import Substitution

**Note : The following question is for the visually impaired candidates only, in lieu of Q. No. 21.**

__________ refers to a trade policy aimed at reducing reliance on imported goods by encouraging domestic production. **1**

**Options :**

(A) Export Promotion (B) Export Substitution
(C) Import Substitution (D) Import Proliferation

22. Read the following statements carefully : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below : **1**

**Assertion (A) :** Prior to economic reforms, public investment in social infrastructure by China resulted in better Human Development Indicators (HDI).

**Reason (R) :** China is ahead of India and Pakistan on many Human Development Indicators (HDI).

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).
(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).
(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.
(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

• • •

23. 'यह अल्पकालिक बेरोज़गारी है, जो लोगों के एक नौकरी से दूसरी नौकरी में जाने के कारण उत्पन्न होती है।' दी गई परिभाषा के आधार पर इंगित बेरोज़गारी के प्रकार की पहचान कीजिए। (सही विकल्प का चयन करें) 1

**विकल्प :**

(A) प्रच्छन्न बेरोज़गारी (B) मौसमी बेरोज़गारी

(C) खुली बेरोज़गारी (D) घर्षणात्मक बेरोज़गारी

24. नीचे दिए गए कॉलम-I व कॉलम-II में दिए गए पदों में से सही युग्म का चयन करें : 1

| | **कॉलम-I** | | **कॉलम-II** |
|---|---|---|---|
| (i) | उपदान | (a) | आयात की जा सकने वाली वस्तुओं की अधिकतम सीमा |
| (ii) | भूमि सीमा निर्धारण | (b) | IPR 1956 का तत्त्व |
| (iii) | लघु उद्योग | (c) | जुताई करने वालों के लिए भूमि |
| (iv) | पंचवर्षीय योजना के उद्देश्य के रूप में आधुनिकीकरण | (d) | सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन |

**विकल्प :**

(A) (i) – (a) (B) (ii) – (b)

(C) (iii) – (c) (D) (iv) – (d)

25. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : 1

**कथन-1 :** कार्यरत व्यक्ति नियमित वेतनभोगी कर्मचारी या आकस्मिक कर्मचारी हो सकते हैं।

**कथन-2 :** भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित वेतनभोगी रोज़गारी रोज़गार का एक प्रमुख स्रोत है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

• • •

23. "It is short-term unemployment occurring, as people transit between jobs." On the basis of given definition, identify the type of unemployment indicated. (Choose the correct option) **1**

**Options :**

(A) Disguised Unemployment

(B) Seasonal Unemployment

(C) Open Unemployment

(D) Frictional Unemployment

24. From the terms given below in Column-I and Column-II, choose the correct pair of statements : **1**

| | **Column-I** | | **Column-II** |
|---|---|---|---|
| (i) | Subsidies | (a) | Maximum quantity of goods that can be imported |
| (ii) | Land ceiling | (b) | Element of IPR 1956 |
| (iii) | Small Scale Industries | (c) | Land to the tiller |
| (iv) | Modernisation as a goal of five year plan | (d) | Change in social outlook |

**Options :**

(A) (i) – (a) (B) (ii) – (b)

(C) (iii) – (c) (D) (iv) – (d)

25. Read the following statements carefully : **1**

**Statement-1 :** Hired workers may be regular salaried workers or casual workers.

**Statement-2 :** Regular salaried employment is a major source of employment in rural areas in India.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

• • •

26. चीन में ग्रेट लीप फॉरवर्ड का प्राथमिक केन्द्र _______ क्षेत्रक था। 1

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें।)

**विकल्प :**

(A) कर

(B) औद्योगिक

(C) वित्तीय

(D) शिक्षण

27. निम्नलिखित चित्र का अध्ययन करें : 1



उन विगत घटनाओं की पहचान व चयन करें, जिनमें संसाधनों की माँग उनकी आपूर्ति से अधिक हो गई है।

**विकल्प :**

(A) आर्थिक विकास

(B) पर्यावरणीय संकट

(C) तकनीकी उन्नति

(D) सांस्कृतिक विकास

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 27 के स्थान पर है।**

पहचान करें, निम्नलिखित में से कौन सी धारणीय विकास की रणनीतियों में से एक नहीं है। 1

**विकल्प :**

(A) ऊर्जा के गैर-परंपरागत स्रोतों का उपयोग

(B) परिवहन के लिए जीवाश्म ईंधन का उपयोग

(C) पारंपरिक ज्ञान का उपयोग

(D) जैविक कम्पोस्ट खाद का उपयोग

• • •

26. _______ sector was the primary focus of the Great Leap Forward in China. 1

(Fill up the blank with correct option)

**Options :**

(A) Tax (B) Industrial

(C) Financial (D) Educational

27. Study the following picture : 1



Identify and select, the recent phenomenon in which demand for resources surpasses their supply.

**Options :**

(A) Economic growth (B) Environmental crisis

(C) Technological advancement (D) Cultural evolution

**Note : The following question is for the visually impaired candidates only, in lieu of Q. No. 27.**

Identify, which of the following is NOT one of the strategies for Sustainable Development. 1

**Options :**

(A) Use of non-conventional sources of energy

(B) Use of fossil fuel for transportation

(C) Use of traditional knowledge

(D) Use of organic compost manure

• • •

28. (a) "विगत समयावधि में सहकारी समितियों को झटका लगा है ।"

उपरोक्त कथन का वैध स्पष्टीकरण द्वारा औचित्य सिद्ध करें । **3**

**अथवा**

(b) शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित वेतनभोगी कर्मचारियों की कम संख्या के पीछे के कारणों की व्याख्या करें । **3**

29. मानव पूँजी व आर्थिक विकास के मध्य संबंध स्थापित करें । **3**

30. पाकिस्तान द्वारा अपने आर्थिक विकास पथ के लिए उठाए गए विकासात्मक कदमों का वर्णन करें । **4**

31. (a) "पहाड़ी क्षेत्रों में लघु जल-विद्युत संयंत्र लागत प्रभावी होने के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल भी साबित होते हैं ।"

उपरोक्त कथन को वैध तर्क द्वारा प्रमाणित करें । **3**

(b) अवशोषण क्षमता को परिभाषित करें । **1**

32. (a) भारतीय अर्थव्यवस्था के योजना उद्देश्य के रूप में 'आत्म-निर्भरता' के चयन के पीछे के तर्कों का संक्षिप्त वर्णन करें । **4**

**अथवा**

(b) व्याख्या करें कि, किस प्रकार वस्तु व सेवा कर (GST) ने वस्तुओं व सेवाओं पर करों की बहुलता को सरल बना दिया है । **4**

• • •

28. (a) "Cooperatives have received a setback during the recent past."

Justify the given statement with valid explanation. **3**

**OR**

(b) Explain the reasons behind less number of regular salaried employees in rural areas as compared to urban areas. **3**

29. Trace the relationship between human capital and economic growth. **3**

30. Describe the path of developmental initiatives taken by Pakistan for its economic development. **4**

31. (a) "In the mountainous regions, mini-hydel plants prove to be cost effective as well as eco-friendly."

Justify above statement with valid arguments. **3**

(b) Define Absorptive capacity. **1**

32. (a) Describe briefly a rationale behind choosing 'Self-reliance' as a planning objective for the Indian economy. **4**

**OR**

(b) Explain how, Goods and Services Tax (GST) has simplified the multiplicity of taxes on goods and services. **4**

• • •

33. निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

कृषि–स्टार्टअप व ग्रामीण उद्यम भारत में ग्रामीण विकास के लिए तीव्रता से महत्त्वपूर्ण होते जा रहे हैं । वे भारत में ग्रामीण क्षेत्र में आने वाली गंभीर चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करते हैं । ये उद्यम उन्नत कृषि, IT-आधारित निगरानी प्रणाली व डेटा आधारित निर्णय लेने वाले उपकरण जैसे तकनीकी नवाचार लाते हैं, जो उत्पादकता व संसाधन दक्षता में वृद्धि करते हैं ।

आपूर्ति शृंखलाओं को सुव्यवस्थित करके व प्रत्यक्ष बाजार से संपर्क स्थापित करके वे कृषकों के लिए उचित मूल्य निर्धारण सुनिश्चित करते हैं तथा पारंपरिक बिचौलियों पर निर्भरता भी कम करते हैं । ऐसे उद्यम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन में सक्रिय रूप से योगदान प्रदान करते हैं । सरकार ने RKVY-RAFTAAR, कृषि अवसंरचना कोष तथा Agri-SURE आदि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कृषि स्टार्टअपों व उद्यमियों के लिए निरंतर नीति व वित्तीय सहायता का प्रदर्शन किया है ।

उपरोक्त गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(a) उल्लेख करें कि किस प्रकार कृषि–स्टार्टअप कृषि क्षेत्र में आने वाली गंभीर चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करते हैं । **4**

(b) भारत में कृषि स्टार्टअपों व उद्यमियों को समर्थन देने में सरकार की भूमिका पर टिप्पणी करें । **2**

34. (a) मान्य कारणों द्वारा उल्लेखित करें कि, निम्नलिखित कथन सत्य है अथवा असत्य : **2 × 3 = 6**

(i) औपनिवेशिक काल के अंतर्गत, खेतीगत कुल क्षेत्रफल के विस्तार के कारण कृषि क्षेत्र में वृद्धि हुई थी ।

(ii) विश्व व्यापार संगठन का उद्देश्य विश्व व्यापार में नियम आधारित व्यवस्था स्थापित करना है ।

(iii) क्षेत्रीय असमानता के साथ आर्थिक विकास भारत में नियोजन का प्रमुख लक्ष्य था ।

**अथवा**

(b) (i) अंतर स्पष्ट करें : **3**

(1) प्रशुल्क व अप्रशुल्क अवरोधक

(2) द्विपक्षीय व बहुपक्षीय व्यापार

(ii) "लघु उद्योगों को बड़े उद्योगों के विरुद्ध एक सुरक्षा कवच की आवश्यकता है ।" **3**

उपरोक्त कथन के आलोक में, इस दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को विस्तार से समझाएँ ।

• • •

33. Read the following text carefully :

Agro-startups and rural enterprises are becoming increasingly vital for rural development in India. They address the critical challenges faced by rural sector in India. These ventures bring in technological innovations such as precision farming, IT-based monitoring system and data-driven decision making tools that enhance productivity and resource efficiency.

By streamlining supply chains and creating direct market linkages, they ensure better pricing for farmers and reduce dependency on traditional intermediaries. Such enterprises contribute actively to employment generation in the rural areas. The government has demonstrated a continuous policy and financial support for agri-startups and entrepreneurs through various programs like RKVY-RAFTAAR, the Agri-infrastructure fund and Agri-SURE.

On the basis of given text and common understanding, answer the following questions :

(a) Explain, how agro-startups address the critical challenges faced by the agricultural sector. **4**

(b) Comment on the role of government in supporting agro-startups and entrepreneurs in India. **2**

34. (a) Giving valid reasons, state whether the following statements are true or false. **2 × 3 = 6**

(i) There was growth in agricultural sector due to expansion of aggregate area under cultivation, during the colonial era.

(ii) The objective of World Trade Organisation (WTO) is to establish a rule based regime, in the world trade.

(iii) Economic growth with regional disparity was the main goal of planning in India.

**OR**

(b) (i) Distinguish between : **3**

(1) Tariff and non-tariff barriers

(2) Bilateral and multilateral trade

(ii) "Small-Scale Industries require a shield against large scale industries." **3**

In the light of given statement, elaborate the steps initiated by the government in this direction.

• • •